



# हंगामे के डर से फोन पर स्थगित करना पड़ी बैठक

## जनपद सदस्यों ने सागर पहुंचकर जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, पांच माह से नहीं हुई थी बैठक, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी द्वारा दी गई सूचना

नवभारत न्यूज

**रहली 6 अगस्त. नियम कानून और जनहित से परे होकर चल रही जनपद में पांच माह से बैठक नहीं हुई. इसके बाद सूचना और एजेंडा बनाकर आयोजित होने वाली साधारण सभा की बैठक को बिना वजह सुबह 11 बजे जनपद के गैर जिम्मेदार चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी के द्वारा बिना कारण बताते स्थगित किए जाने की सूचना फोन पर दी जाती है.**

जनपद सदस्यों को बताया गया कि जनपद पंचायत के सीइओ आरजी अहिरवार जिला पंचायत को किसी उच्च न्यायालय में पेशी के लिए जबलपुर गए हैं. बैठक स्थगित होने का जनपद पंचायत द्वारा लिखित आदेश जारी नहीं हुआ. बैठक का अचानक से एक घंटे पहले स्थगित होना हंगामे का कारण बन गया. फोन पर स्थगित की सूचना का कोई कारण भी नहीं बताया गया, फिर सीईओ के बाहर जाने का कारण बताया गया. अगर पूर्व में बैठक का समय तय किया गया था और सभी सदस्यों को एजेंडे सहित आदेश जारी किए गए तो स्थगित किए जाने का आदेश तत्काल क्यों नहीं दिए गए. और अगर स्थगित किए जाने का कारण जनपद सीईओ प्रशासनिक कार्य से बाहर जाना था तो क्या जनपद पंचायत में दूसरा कोई अधिकारी-कर्मचारी बैठक के लिए अधिकृत नहीं किया जा सकता था. उल्लेखनीय है कि जनपद कार्यालय में ब्लॉक से बाहर अधिकारी की किसी भी बैठक या दौरा का विवरण बॉर्डर पर दर्शाया जाता है.



जनपद सदस्यों की निरंतर उपेक्षा विकास राशि का आसमान वितरण जनपद सदस्यों के द्वारा दिए गए प्रस्तावों को एजेंडा में शामिल न किया जाना .उनके क्षेत्र में विकास कार्य नहीं होने से असंतोष व्याप्त था और इस बैठक में इस बात का जवाब मांगा जाना था इसके लिए सदस्यों ने पूरी तैयारी की थी इन्हें प्रशिक्षित भी किया गया. अपनी बात ना सुने जाने के कारण शासन तक अपनी बात पहुंचाने सदस्यों ने मीडिया का सहारा लिया इस बात की भनक जैसे ही ऊपर स्तर पर हुई तो अचानक बैठक स्थगित कर दी गई. बैठक स्थगित करने का कारण पूछने पर जपं सीओ अहिरवार ने पहले हाईकोर्ट जाने का हवाला दिया. फिर पूछा गया तो दूसरे पर टोपी पहनाकर कहा कि पीसीओ शुक्ला को कहा गया था. जब श्री शुक्ला से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि बैठक स्थगित करने की बात मुझसे कही गई थी. जपं उपाध्यक्ष श्रीमती सविता भरत सिंह ने बताया कि दो दिन बैठक की सूचना दी गई थी,बैठक के एक घंटे पहले स्थगित होने की सूचना फोन पर दी गई. बैठक स्थगित होने का लिखित में आदेश शाम 4 बजे दिया गया. सदस्य गण जनपद में भ्रष्टाचार होने का आरोप लगा रहे हैं. जनपद सदस्यों के अनेक कार्य बैठक न हो पाने से पेडिंग है. वार्ड 17 की सदस्या अनीता पटेल ने बताया कि मैं भोपाल में भाई का इलाज कराने गई थी. बैठक स्थगित होने से काफी परेशानी हुई है फिर भी में भोपाल से वापिस आ गई, रास्ते में सूचना मिली, क्षेत्र में अनेक ऐसे काम है जो बैठक के माध्यम से ही स्वीकृत किये जा सकते है. वहीं दूसरे जनपद सदस्यों ने बताया कि जनपद में अपनी मनमर्जी से कार्य हो रहे है. जनपद सदस्य प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह चौरा ने बताया कि रहली जनपद में आज बैठक का आयोजन किया गया था, बिना कारण बताए अचानक बैठक स्थगित कर दी गई. सदस्यों ने रहली जनपद में लगातार भ्रष्टाचार हो रहे है और जनपद सदस्य के साथ भेदभाव किया जाता है, वार्ड में विकास कार्य करने राशि नहीं मिलती है, जबकि ओर वार्डों में लाखों की राशि का भुगतान हो रहा है. वार्ड 5 से जनपद सदस्य सुनीता राजकुमार लोधी ने कहा बैठक के लिए जनपद पंचायत जा रहे थे कि फोन पर सूचना मिली की बैठक स्थगित हो गई है. वार्ड 8 से जनपद सदस्य हम्मीर सिंह ने कहा कि बैठक के सूचना पर जनपद आये थे यहां आकर सूचना स्थगित होने की मिल गई. इसी विषय को लेकर जनपद उपाध्यक्ष सविता सिंह के नेतृत्व में 16 जनपद सदस्यों की हस्ताक्षरित ज्ञापन कलेक्टर कार्यालय सागर में जाकर सौंपा गया है.



# तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक

नवभारत न्यूज

**बांदरी 6 अगस्त. विधायक कार्यालय में तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा की बैठक का आयोजन किया गया.**

प्रभारी संतोष रोहित ने कहा कि तिरंगा यात्रा भव्य हो, अधिकाधिक रूप से इनमें जन भागीदारी रहे. उन्होंने कहा कि बूथ क्षेत्र में आने वाले प्रत्येक घर पर तिरंगा लगे तथा घर-घर तिरंगा अभियान शत प्रतिशत सफल रहे. श्री रोहित ने कहा कि आम नागरिकों की सहभागिता से सभी गलियों, मोहल्लों, टोलों, सड़कों पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाए.

श्री रोहित ने कहा कि तिरंगा यात्रा में वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं, छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवी संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित करें. भाजपा द्वारा 10 अगस्त से 14 अगस्त तक तिरंगा यात्रा आयोजित की जाएगी. बैठक में अनुराग प्यासी, नप अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, मंडल अध्यक्ष अनिल पाराशर, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी लोधी, नारायण सिंह, अभय सिंह लोधी, लक्ष्मीकांत मुड़ोतिया अवधेश सिंह ठाकुर, लोकेंद्र सिंह, देशराज सिंह, रावराजा राजपूत, उमेश राय, महेंद्र यादव देवीदयाल कुशवाहा, सम्मर सिंह, निशांत मिश्रा, सचिन साहू, डीआर रोहित, रामकिशन अहिरवार मौजूद थे.

## एक नजर में



### नेत्र परीक्षण शिविर में 65 मरीज चिन्हित

**सागर.** लायंस क्लब द्वारा नेत्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन अंकुर कॉलोनी में आयोजित किया गया. सतगुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर लटेरी से आए हुए डॉक्टरों ने उपस्थित मरीजों का निशुल्क नेत्र परीक्षण ब्लड प्रेशर एवं शुगर परीक्षण की जांच की शिविर प्रभारी ला. गुलझारी लाल जैन एवं ला. सुरेश जैन सचिव ने बताया कि नेत्र परीक्षण शिविर में 185 मरीजों का परीक्षण डॉ.डालचंद जादौन एवं टीम के द्वारा किया गया जिसमें से 65 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु चयन किया गया.



### तहसील परिसर में चलाया गया सफाई अभियान

**राहतगढ़.** अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में साफ-सफाई की और यह संकल्प लिया कि भविष्य में भी परिसर को स्वच्छ बनाए रखेंगे. अधिवक्ता अतुल ताम्रकार ने परिसर में डस्टबिन रखवाए ताकि स्वच्छता बनाए रखने में सुविधा हो, वकीलों ने अधिवक्ताओं ने यह तय किया कि वे पक्षकारों को परिसर में गुटखा खाने और गंदगी फैलाने से रोकेंगे .इस दौरान ऋषभ ओसवाल, देवेंद्र कुर्मी,अफजल उस्मानी, अमित शर्मा, पूरन लोधी, ओंकार यादव, धर्मेंद्र लोधी, खालिद हुसैन, महेंद्र सोनी, मोहित कोरी,अजय श्रीवास्तव, जावेद खान, राकेश अहिरवार, अर्चित ताम्रकार उपस्थित रहे.




### कराते टीम ने बीना का नाम किया रोशन

**बीना.** गांधी हॉल, शाजापुर में आयोजित एमपी स्टेट कराते चैम्पियनशिप में जिले की कराते टीम ने कुल 38 पदक अपने नाम किए और मध्यप्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त किया. सेंसेई संदीप अग्रवाल के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट टीम भावना के साथ श्रेष्ठ कौशल प्रस्तुत किया. टीम ने 11 गोल्ड, 10 सिल्वर और 17 ब्रॉन्ज कुल 38 मेडल जीतकर सागर जिले को गौरवान्वित किया. स्पर्धा में कार्तिक यादव, समर प्रताप सिंह राजपूत, अरिहंत जैन, प्रियांशी ठाकुर, यम्मानूरु हिमावर्शिनी, अनोखी चौधरी ने स्वर्ण पदक हासिल किया. 14 वर्ष से 17 वर्ष आयुवर्ग टीम काता स्पर्धा में भी जूनियर बालक और बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया.




### पनारी कॉलेज में हुआ पौधारोपण

**ललितपुर.** ब्रह्मलीन संत दुलारामजी कुलारिया की दसवीं पुण्य स्मृति में पंचरत्न विश्वकर्मा समाज और मार्निंग वॉक डैम ग्रुप ने वृक्षारोपण कार्यक्रम व विचार गोष्ठी का आयोजन किया. गोष्ठी में संतजी के जीवन पर वृहद प्रकाश डाला गया. इस दौरान व्ही-5 अध्यक्ष विजय डयोड़िया, सौरभ यादव, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा घुटारी, प्राचार्य डा.महेश झां, आचार्य लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, प्रो.प्रसन्न विश्वकर्मा, अनूप ताम्रकार, मनोज झा, कैलाश नारायण झा, एड.सत्येंद्र विश्वकर्मा, प्रो.गंगाराम विश्वकर्मा, कमल विश्वकर्मा, अनुज सोनी, लखनलाल, प्रकाश खरे, आधार यादव, रवि त्रिमूर्ति, संदीप यादव, मनोज बिरारी, राहुल झा, रामप्रकाश झा मौजूद रहे.

# लापता किसान की हत्या

नवभारत न्यूज

**गढ़ाकोटा 6 अगस्त. गढ़ाकोटा थाना अंतर्गत अकला और खैरी के बीच बीती रात एक किसान की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई है.**


पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अकला निवासी हल्ले पिता बलिराम लोधी उम्र 45 वर्ष कल रात 9 बजे घर से खैरी गांव स्थित खेत में दवा डालने के लिए मोटर साइकिल से निकला था. जिसका शव आज सुबह उपरोक्त मार्ग पर ही सड़क किनारे मिला. समीप में ही मोटर साइकिल मिली. हल्ले पर कुल्हाड़ी सहित अन्य धारदारा हथियारों से अज्ञात बदमाशों द्वारा गर्दन, चेहरे और कई स्थानों पर हमला किया गया जिसमें उसकी मौत हो गई. परिजनों ने रात में ही लापता होने की सूचना पुलिस को दी थी. सुबह शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जिसके पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया. परिजनों के अनुसार हल्ले का किसी से कोई विवाद नहीं था. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है.

# दुर्घटनाग्रस्त स्कूल बस का परमिट हुआ निरस्त

नवभारत न्यूज

**सागर 6 अगस्त. कलेक्टर संदीप जी.आर ने कार्यवाही करते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल नरसिंहपुर रोड मकरोनिया के नाम पर रजिस्टर्ड स्कूल वाहन क्रमांक एमपी 15 पीए 0485 के दुर्घटना ग्रस्त होने पर बस के फिटनेस प्रमाण पत्र को निरस्त करने के निर्देश क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को दिए.**

आरटीओ मनोज तेहनगुरिया ने स्कूल बस का फिटनेस प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया. आरटीओ ने बताया कि दिल्ली पब्लिक स्कूल की स्कूल बस शहरी क्षेत्र में




स्कूली बच्चों को स्कूल ले जाते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गयी है. उक्त बस को मरम्मत के बिना संचालित किया जा सकना संभव नहीं है. फिटनेस प्रमाण पत्र ऐसे समय तक के लिए रद्द किया गया है जब तक बस की मरम्मत न हो जाये और आरटीओ कार्यालय द्वारा यांत्रिकी दृष्टि से फिट न मान्य कर लिया जाये.

### बस हुई दुर्घटनाग्रस्त

कोतवाली थाना के सामने छात्र छात्राओं एवं स्टॉफ को लेकर जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमे सवार दो छात्र छात्राओ सहित एक शिक्षिका को चोट आई है. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बस क्रमांक एमपी 15 पीए 0485 छात्र-छात्राओ को लेकर जा रही थी कि थाने के सामने ही बस के ब्रेक फेल हो गए और बस थाने की रैंलिग से टकरा गई. जिसमे बस मे सवार तीन को चोट लगने पर जिला चिकित्सालय भेजा गया है.

### शोभायात्रा आज

**सागर.** बाहुबली कॉलोनी में चल रहे सिद्धचक्र महामंडल विधान के समापन पर 7 अगस्त को श्रीजी की शोभायात्रा प्रमुख मार्गों से निकलेगी. सुबह 7 बजे से हवन होगा और शोभायात्रा सुबह 8.30 बजे से बाहुबली कालोनी से प्रारंभ होगी. मुकेश जैन ढाना ने बताया कि मुनिश्री विमल सागर महाराज और मुनिश्री अनंत सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में हवन होगा और फिर शोभा यात्रा बाहुबली कॉलोनी से प्रारंभ होकर गुजराती बाजार, वर्णी कॉलोनी, नमक मंडी, विजय टाकीज, होकर वापिस बाहुबली कॉलोनी पहुंचेगी.

# प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष शिविर लगाएं

नवभारत न्यूज

**सागर 6 अगस्त. कमिश्नर अनिल सुचारी ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित पेशन प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं.**

कमिश्नर ने कहा है कि ऐसे लंबित पेंशन प्रकरण जो सामान्य श्रेणी के हैं ऐंसे प्रकणों का तेजी से निराकरण सुनिश्चित किया जाए. विभागीय जांच, न्यायालय में लंबित प्रकरण, लोकायुक्त के जांच के प्रकणों को छोड़कर सामान्य प्रकरणों का निराकरण कराएं, सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन का लाभ भी दिलाएं.



कमिश्नर ने संयुक्त संचालक पेंशन को निर्देश दिए हैं कि वह लंबित पेंशनों प्रकरणों के निराकरण के लिए और कर्मचारियों के वेतन निर्धारण के लिए सागर संभाग के सभी जिलों में विशेष शिविरों का आयोजन करें और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ कराएं. कमिश्नर अनिल सुचारी ने उक्त निर्देश कोष एवं लेखा विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए. बैठक में संयुक्त संचालक पेंशन ने बताया कि सागर संभाग में लगभग 366 पेंशन प्रकरण लंबित हैं जिनके निराकरण के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई.

### हमले के आरोपी पकड़े

**सागर.** मोतीनगर थाना पुलिस ने रेस्टोरेंट के संचालकों पर हुए जानलेवा हमले के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भोपाल रोड के पास स्थित रेस्टोरेंट बंद कर लौट रहे निखिल सोनी और पार्थ सोनी पर रामबाग मंदिर के पास हमला हुआ. जांच में सामने आया कि छोटू तिवारी ने पहले रास्ता रोका और फिर पीयूष चौरसिया, दीपक रैकवार, तथा नितिन हथियार लेकर पहुंचे. पीयूष ने निखिल के सिर पर बका से वार किया. अन्य आरोपियों ने चाकू से जांघ और सीने पर हमला किया. बीच-बचाव में पार्थ भी घायल हुआ था.



# शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

नवभारत न्यूज

**सागर 6 अगस्त. बी.टी. ग्रुप मकरोनिया में संचालित लिटिल स्टार शैलेष मेमोरिटाल स्कूल में शैलेष स्मृति दिवस एवं नवगठित विद्यार्थी परिषद का अलंकरण समारोह एवं शपथ ग्रहण हुआ.**

मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, विशिष्ट अतिथि डॉ. सुशील तिवारी, चैयरमेन संतोष जैन घड़ी, डॉ. सुबोध जैन, डॉ. राजू टंडन प्राचार्य, डॉ. सत्येन्द्र जैन सचिव, संदीप जैन डॉयरेक्टर,डॉ. एसबी सिंह ने शुभारंभ किया. शाला उपकप्तान प्रियांसी नागाइच, अमित श्रीवास्तव एवं दीपेश पांडे के निर्देशन में रंगारंग कार्यक्रम हुए. संचालन अकिता शर्मा एवं अनुज पाठक ने किया.

# वनदेवी माता मंदिर की दानपेटी से चोरी करने वाले 5 गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**गौरझामर 6 अगस्त. केसली अंतर्गत वनदेवी माता मंदिर में दानपेटी से रुपए चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने 5 आरोपी गिरफ्तार किए है.**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी भरतलाल पिता राजभान तिवारी निवासी वार्ड क्रमांक 14 केसली ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह मंदिर की देखरेख करता है. मंदिर की सफाई हेतु महेश यादव को नियुक्त किया गया था. जब महेश यादव मंदिर की सफाई करने पहुँचा तो देखा कि दानपेटी का कुंदा टूटा हुआ था और उसमें रखे हुए दान के रुपए नहीं थे.

मंदिर के पुजारी द्वारा बताया गया कि करीब 10,000 दानपेटी में रखे थे जो चोरी हो गए हैं. उक्त सूचना पर थाना केसली में मामला दर्ज किया गया. जांच में संदेह होने परनरसिंहपुर रेलवे स्टेशन के पास से आरोपी सत्यम पिता जीवनलाल विश्वकर्मा निवासी गोंगावली थाना करेली जिला नरसिंहपुर को पकड़ा गया. पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसने आरोपियों के साथ मिलकर चोरी की थी. अन्य आरोपियो में अमृत पिता बद्री प्रसाद ठाकुर निवासी गोगावली थाना करेली जिला नरसिंहपुर, आदित्य उर्फ आदी पिता विजय ठाकुर निवासी गोगावली टोला थाना करेली, नितेश पिता मुकेश ठाकुर निवासी गोगावली टोला थाना करेली, विकास पिता शंभूशरण मेहरा निवासी भौंरझिर थाना गाडरवाराको गिरफ्तार कर लिया गया. आरोपियों के कब्जे से 6,500/- चोरी की राशि व घटना में प्रयुक्त टायर का लीवर जप्त किया गया है. उक्त सभी आरोपियों को न्यायालय पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है.

### 90 को हुआ रक्त उपलब्ध


**सागर.** पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह द्वारा कार्यालय में आरंभ किए गए रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से अब तक 90 गरीबों जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया . श्री सिंह की पहल पर जिले के बीपीएल कार्ड धारक गरीब जरूरतमंदों को नि:शुल्क रक्त उपलब्ध कराने के लिए हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से शीघ्रता से हर संभव प्रयास होता है. श्री सिंह के जन्मदिन पर इस वर्ष आयोजित हुए चार दिवसीय रक्तदान शिविर में लगभग 1600 यूनिट रक्तदान हुआ है, पिछले दस सालों में 14 हजार से अधिक यूनिट रक्तदान हुआ है. श्री सिंह ने बताया है कि हेल्पलाइन सेंटर का मोबाइल नंबर 9228035418 है, जो चौबीस घंटे चालू रहेगा. एक लैंडलाइन नंबर 262688 पर संपर्क किया जा सकता है.

# राजस्व अधिकारियों की कलमबंद हड़ताल शुरू

नवभारत न्यूज

**सागर 6 अगस्त. तहसीलदार, नायब तहसीलदार, एसएलआर और एएसएलआर कलमबंद हड़ताल पर चले गए हैं. हड़ताल के पहले दिन ही अधिकारियों ने अपने-अपने शासकीय वाहन व डोंगल कार्यालयों में जमा कर दिए हैं.**

जानकारी के अनुसार अधिकारी किसी भी प्रकार की फाइल पर दस्तखत या कार्यवाही नहीं करेंगे. इसका सीधा असर नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन जैसे राजस्व प्रकरणों जाति-आय, निवास प्रमाण पत्र जैसे प्रमाण पत्रों के निर्गमन पर होगा. हड़ताल पर बैठे तहसीलदार और नायब तहसीलदारों का कहना है कि वे वर्षों से भारी कार्यभार, संसाधनों की कमी और पदोन्नति की अनदेखी से जूझ रहे हैं.




प्रांतीय संघ के निर्देशानुसार जिले की सभी तहसीलों के अधिकारी हड़ताल में शामिल हो चुके हैं. प्राप्त जानकारी के अनुसार केसली, बीना, खुरई, बंडा, रहली, देवरी, जैसीनगर, सुरखी, गढ़ाकोटा, राहतगढ़ सहित सभी तहसीलों में कामकाज ठप, एसएलआर और एएसएलआर ऑफिस भी बंद है, आम जनता को दस्तावेजों और प्रमाणपत्रों के लिए वापस होना पड़ रहा है. प्रांतीय संघ ने सरकार के समक्ष कई बार माँगों को रखा है, जिनमें प्रमुख माँगें राजस्व अधिकारियों को छत्तीसगढ़ के समान वेतन और अधिकार मिलना, न्यायिक कार्यों के लिए अलग संसाधन और स्टाफ की व्यवस्था आ शामिल हैं. लेकिन अब तक शासन की ओर से कोई ठोस आश्वासन न मिलने के चलते यह आंदोलन शुरू किया गया है. इस दौरान निर्मल सिंह राठौर, प्रेमनारायण सिंह, हरीश लालवानी, प्रतीक कुमार, सुरश सोनी, राकेश कुमार अहिरवार, ज्ञानचंद राय, कमलेश सतनामी, विनोद कुमार, संगीता अहिरवार, शिवपुरोहित गौतम, चंद्रभान दीवार, सुशील खरे आदि मौजूद थे.

# रासेयो की छात्राओं का उन्नमुखीकरण कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सागर 6 अगस्त. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय के नवीन भवन में रासेयो द्वारा एनएसएस उन्नमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ.**

प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ. मुख्य अतिथि डॉ. ए.के. पटैरिया पूर्व प्राचार्य द्वारा छात्राओं को एन.एस.एस. से जुड़कर स्वा कल्याण के साथ-साथ समाज कल्याण के लिए प्रेरित किया गया. रासेयो द्वारा प्रदाय किये जाने वाले विभिन्न प्रमाण पत्रों एवं पुरूस्कारों के बारे में बताया गया.



रासेयो के जिला संगंठक आरसी प्रजापति ने कहा कि छात्राऐं रासेयो से जुडकर अनुशासन में रहकर व्यक्तित्व विकास एवं समाज सेवा कर सकती है. डॉ. प्रतिमा खरे द्वारा छात्राओं को रासेयो के उद्देश्य नियमित गतिविधि, विशेष शिविर, बैच, डायरी आदि के बारे में बताया.

रासेयो द्वितीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अर्चना मिश्रा द्वारा रजिस्ट्रेशन एवं बैच डायरी प्रदान किए. डॉ. एमके मिश्रा द्वारा छात्राओं को रासेयो से जुडने एवं देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया गया. डॉ. प्रशांत कुमार सोनी द्वारा आभार व्यक्त किया.

# सम्यक दर्शन बगैर कुछ नहीं

नवभारत न्यूज

**सागर 6 अगस्त. जैन धर्म में मान्यता है कि साल में भादो का महीना पर्वों का माना जाता है दश लक्षण पर्व और अन्य कई व्रत उपवास इस माह में होते हैं आचार्यों ने भादो के माह को भद्र माह कहा है चातुर्मास के दौरान यह माह आता है और जैन समाज के लोग इस माह में सर्वाधिक त्याग करते हैं.**

यह बात मुनिश्री विमल सागर महाराज ने कही. मुनिश्री ने कहा श्रद्धा के बिना ज्ञान अंधा है चरित्र के बिना ज्ञान लंगड़ा है, अंधा मंजिल पर नहीं पहुंच सकता है और लंगड़ा पर्वत पर नहीं चढ़ पता है. इसी प्रकार सम्यक दर्शन के बिना जीवन कुछ नहीं है, आप स्वर्ग तक तो जा सकते हैं. लेकिन मोक्ष नहीं पहुंच सकते है. मुनिश्री ने कहा कि बीज के बिना वृक्ष की उत्पत्ति नहीं होती है, इसी प्रकार सम्यक ज्ञान के बिना सम्यक चारित्र और सम्यक दर्शन की उत्पत्ति नहीं होती है. शून्य अंक की महत्वता अंक के बाद लगने में है पहले लगने में नहीं इसी प्रकार सम्यक दर्शन नहीं है तो मति ज्ञान, श्रुत ज्ञान, अवधी ज्ञान और केवल ज्ञान की उत्पत्ति नहीं होगी. मुनिश्री ने कहा शिविर धर्म ध्यान उपवास व्रत आदि के लिए लगेगा उपवास करने वालों की संख्या कम नही है.

### साढ़े 7 लाख से अधिक की अवैध शराब जब्त

**सागर.** आबकारी उपनिरीक्षकों एवं स्टाफ द्वारा विभिन्न वृत्तों में कार्रवाई करते हुए कुल 229 विभागीय एवं 86 न्यायालयीन प्रकरण दर्ज किए गए हैं. इस दौरान देशी मदिरा 72.8 बल्क लीटर, विदेशी मदिरा 195.75 बल्क लीटर, हाथभट्टी मदिरा 64 लीटर एवं महुआ लाहन 5420 किलोग्राम जप्त की गई है, जिसका कुल बाजार मूल्य लगभग 7,61,936 रू. आंका गया है. वहीं 1 अप्रेल से 31 जुलाई तक की प्रगामी अवधि में 889 विभागीय एवं 279 न्यायालयीन प्रकरण दर्ज किए गए है.